दैनिक भास्कर

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई, मंदिरों में हुई सजावट, स्कूलों में हुए ऑनलाइन कार्यक्रम



पिलानी. सजाई गई कृष्ण की झांकी।

**पिलानी** | मंदिरों में विशेष सजावट की गई। स्कूलों में ऑनलाइन कार्यक्रम हुए। जन्माष्टमी के अवसर पर गोपीनाथजी मंदिर, श्याम मंदिर, ठरड़ा बालाजी मंदिर, कुएंवाले बालाजी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में विशेष सजावट की गई। बिरला शिशु विहार में हुए आनॅलाइन कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य पवन वशिष्ठ ने की। कार्यक्रम के दौरान स्टूडेंट्स ने भगवान कृष्ण की विभिन्न लीलाओं को झांकियों के रुप में प्रस्तुत किया। प्राचार्य वशिष्ठ ने बताया कि भगवान कृष्ण ने जीवन का सार जो गीता के रुप में दिया था उसी के अनुसार अच्छे कर्म करने चाहिए और सत्य के साथ रहना चाहिए क्योंकि सत्य की सदैव जीत होती है।

राजस्थान पत्रिका patrika.com

झुंझुनूं, मंगलवार, 31 अगस्त, 2021

## कृष्णजन्माष्टमी की ऑनलाईन प्रस्तुति ने मोहा मन

**पिलानी.** कस्बे स्थित बिरला शिशु विहार स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी पर्व ऑन लाईन मनाया गया। प्राचार्य पवन वशिष्ठ के आतिथ्यि में ऑन लाईन आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में रंग भरा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपने अपने घरों से ही कृष्ण के बाल जीवन आधारित झांकियों की प्रस्तुति दी। इसी प्रकार कस्बे के मन्दिरों में विशेष कार्यक्रम हुए। अलौकिक शक्ति धाम में प्रबंधक बजरंगलाल शर्मा के नेतृत्व में भजन कीर्तन एवं पंजीरी वितरण कार्यक्रम हुए।



पिलानी बिरला शिशु विहार स्कूल में सजाई गई झांकी।